# अब रात में भी होगी मुख्य सड़कों की सफाई

## दरोगा व कर्मचारी नियुक्त होंगे, हर रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक करना होगी सफाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की मुख्य सड़कों की सफाई अब रात में भी होगी। यह रात 11 बजे से शुरू होकर सुबह 7 बजे तक चलेगी। नगर निगम ने हर सड़क के लिए दरोगा और कर्मचारी की नियुक्ति कर दी है। इसके अलावा खुले में कचरा डालने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी नजर रखेंगे। इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रदीप त्रिवेदी (सुबह 6 से दोपहर 3 बजे तक) तथा राजेंद्र शर्मा (दोपहर 3 से रात 12 बजे तक) की ड्यूटी लगा दी है। ये कर्मचारी कचरा फेंकने वाले लोगों की सूची देंगे।

### सड़क और उसकी सफाई की जिम्मेदारी

- आंबेडकर प्रतिमा से मांटेसरी फोरलेन होते हुए फव्वारा चौक तक दोनों तरफ - शरद खरे
- रेलवे अंडरब्रिज से फव्वारा चौक, महू रोड बस स्टैंड होते हुए न्यू कलेक्टर फ्लाई ओवर तक - संजय डिंडोरे
- कलेक्टर फ्लाईओवर से सालाखेड़ी चौराहे तक - देवीलाल हंकर
- सैलाना बस स्टैंड चौराहे से दो बत्ती डाट की पुल, न्यू रोड, लोकेंद्र टॉकिज चौराहे से शहीद चौक तक - नवीन मेहना
- दो बत्ती चौराहे से स्टेट बैंक कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक - नवीन मेहना
- बाजना बस स्टैंड चौराहे से खेड़ापति हनुमानजी मंदिर तक दोनों तरफ - राजेश मेहना
- स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा होकर महाराजा सज्जनसिंह चौराहा - रामलाल नुरा
- महाराणा प्रताप चौराहे से ऑरो आश्रम सैलाना रोड दोनों तरफ अर्जुन गौसर

### लापरवाही बरतने पर 15 दिन का वेतन काटा

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में वार्ड 31 में गंदगी पाए जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश बोयत और सीएम हेल्पलाइन कार्य में लापरवाही बरतने पर राशन कार्ड शाखा के स्थायीकर्मी कुलदीप भट्ट का 15 दिन का वेतन काटा है। इसके साथ आयुक्त झारिया ने नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब देने को कहा है। उधर जोन 2 के कर्मचारी जयकिशन मदन को बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

दै. भास्कर
18/10/21

### सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर होगा निर्माण

# सीसी रोड कार्य की हुई शुरुआत



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर की जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य की शुरुआत रविवार से ही गई। हालांकि इसकी शुरुआत पटरी पार क्षेत्र से हुई है। एक दो दिन में बाजार क्षेत्र में भी निर्माण कार्य व रखररखाव को शुरू किया जाएगा।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर वार्ड 10 में सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर के सड़क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। सड़क मार्ग निर्माण कार्य की शुरुआत क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने पूजा अर्चना कर की। जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, मंडल महिला उपाध्यक्ष चेतना पाटीदार, वार्ड संयोजक जयेश वसावा, अनिता वसावा, पंकज परमार, राजेन्द्र सक्तावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्षेत्र के निवासी राजवर्धन सैनी, देवेन्द्र राठौड़, दशरथ, विकास सिसोदिया, मंगलसिंह गौड़ आदि ने सड़क निर्माण शुरू होने पर हर्ष जताया।

ई. पत्रिका
18/10/2021

**टीकाकरण** | **दिसंबर माह तक सभी को दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य**

# आज 27050 लोगों को कोरोना का टीका लगाने की तैयारी

**रतलाम।** जिले में कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में दिसंबर माह तक सभी पात्र हितग्राहियों को कोविड का दूसरा टीका पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सोमवार को 27050 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए जिले में 167 टीकाकरण केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

शहर के शासकीय विद्यालय शिवनगर, आंबेडकर कम्युनिटी हाल गांधीनगर, कम्युनिटी हाल अलकापुरी शासकीय विद्यालय बरबड़, रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी, कम्युनिटी हाल जवाहर नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधाकृष्ण स्कूल डीडी नगर, मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र दिलीप नगर, शासकीय स्कूल होमगार्ड कालोनी, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, शासकीय विद्यालय डोसीगांव, डीआरएम आफिस दो बत्ती, जिला अस्पताल, अशोक नगर मदरसा, माहेश्वरी धर्मशाला, मोमिनपुरा बड़ी मस्जिद के केंद्रों पर कोविशील्ड व आइएमए हाल राजेंद्र नगर, घटला हास्पिटल, एमसीएच अस्पताल, सरस्वती स्कूल अमृत नगर, शासकीय विद्यालय नयागांव पर को-वैक्सीन लगाई जाएगी।

**जिले में इस तरह रहेगी टीकाकरण की व्यवस्था**

**पिपलौदा क्षेत्र-** प्राथमिक विद्यालय उपट पालिया (चौरासी बड़ायला), प्राथमिक विद्यालय गणेशगंज, बामनघाटी, कलालिया केसरपुरा, अंगेठी पर को-वैक्सीन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा, ग्राम पंचायत मावता, माननखेड़ा, रणायरा, पिंडवासा, बोरखेड़ा, ऊपरवाड़ा, नांदलेटा, हसनपालिया, माऊखेड़ी, लसुड़िया नाथी, सोहनगढ़, माताजी बड़ायला, सुखेड़ा, सुजापुर, सेमलिया, तालीदाना केंद्र पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा।

**जावरा क्षेत्र-** ग्राम पंचायत अमरपुर ठीकरिया, अर्जेला, खजुरिया, नयानगर, खेदाखेड़ी, नगर पालिका टाउन हाल जावरा में को-वैक्सीन का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, भगत सिंह कालेज, सब्जी मंडी, अंबेडकर भवन इकबाल गंज, अरनिया पीठा मंडी, मच्छी भवन स्कूल, मालीपुरा मठ मंदिर, मिनीपुर स्कूल जावरा, प्राथमिक विद्यालय उठ खाना, उदासी की बावड़ी, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, त्रिमूर्ति स्कूल पठान टोली, लायंस क्लब जावरा, ग्राम पंचायत रोजाना, मौर्या, पिपलिया सिर, सादाखेड़ी, पीर हिंगोरिया, रिंगनोद, रेवास, गुर्जर बरड़िया, पिपलिया जोधा, असावती, हनुमंतिया, लौहारी, नीमन, हाटपिपलिया, बड़ावदा, नंदावता, झलवा, नगड़ी, सरसी, कलालिया, ढोढर, केरवासा, ऊनी में कोविशील्ड पहला व दूसरा डोज लगेगा।

**आलोट क्षेत्र-** सिविल हास्पिटल आलोट, विक्रमगढ़ सोसाइटी, आंबेडकर भवन ताल, गोपीनाथ मंदिर कम्युनिटी हाल ताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारवा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा कला, मंडावल, उप स्वास्थ्य केंद्र तालोद, गुरु खेड़ी, मीनावदा, रणायरा, बंजगुराड़िया, पाटन, लसुड़िया सूरजमल, ग्राम शेरपुर बुजुर्ग, सोमचढ़ी, तजली, माधवपुर, सांगाखेड़ा, तुंगानी, कंठरिया, माऊखेड़ी, उप केंद्र मंडला कला, पिपलिया सिसौदिया में कोविशील्ड के दूसरे डो का टीकाकरण किया जाएगा।

**बाजना क्षेत्र-** मांगलिक भवन बाजना, छावनी बाजार, देवली, अंबापाड़ा, लिमलीपाड़ा, कुंदनपुर, हालीवाड़ा चरपोटा, नलपाड़ा, कुपड़ाचरपोटा, पाटियाकामाल, कुंडल ठिकरिया, बालक छात्रावास रावटी मौलावा, कुंवरपाड़ा, देथला मोरटुक्का, मौरी का माल, रानीसिंग छायन, घटलिया, देवला, विद्या पाटन नायन के केंद्रों पर कोविशील्ड क टीकाकरण होगा।

**रतलाम ग्रामीण-** बिलपांक धौंसवास, बिरमावल, बांगरोद, ऊस गार, बड़ौदा, बोदिना, सरवड़, फल्दुन ढिकवा, सिमलावदा, नामली, सागो पंचेड़, धराड़, धामनोद, पलसो सिनोद के केंद्रों पर कोविशील्ड का पह व दूसरा टीका लगेगा।

**सैलाना क्षेत्र-** शासकीय बाल हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना, ग्राम पंचायत सकरावदा, बेरदा, करिया, ठीकरिया, गुड़भेली, अडवानिया शिवगढ़, रामगढ़ और बासिंद्रा मे कोविशील्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

# सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ



रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर वार्ड क्र.10 में सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर के सड़क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। सड़क मार्ग निर्माण कार्य का शुभारम्भ क्षेत्र वासियो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने पूजा अर्चना कर किया। जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, मंडल महिला उपाध्यक्ष चेतना पाटीदार, वार्ड संयोजक जयेश वसावा, अनिता वसावा, पंकज परमार, राजेन्द्र सक्तावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।क्षेत्र के निवासी राजवर्धन सैनी, देवेन्द्र राठौड़, दशरथ ,विकास सिसोदिया, मंगलसिंह गौड़ आदि ने सड़क निर्माण शुरू होने पर हर्ष जताया।

# सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

अव 18



**रतलाम।** शहर विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर वार्ड क्र.10 में सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर के सड़क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। सड़क मार्ग निर्माण कार्य का शुभारम्भ क्षेत्र वासियो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने पूजा अर्चना कर किया। जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, मंडल महिला उपाध्यक्ष चेतना पाटीदार, वार्ड संयोजक जयेश वसावा, अनिता वसावा, पंकज परमार, राजेन्द्र सक्तावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्षेत्र के निवासी राजवर्धन सैनी, देवेन्द्र राठौड़, दशरथ, विकास सिसोदिया, मंगलसिंह गौड़ आदि ने सड़क निर्माण शुरू होने पर हर्ष जताया।

अवन्तिका
18/10/2021

**नई पहल** • शहर की सरकारी जमीन और संपत्तियों का विकास कार्यों के लिए होगा उपयोग


# माणकचौक सब्जी मंडी और स्कूल की जगह बनेगा कॉम्प्लेक्स और मल्टी लेवल पार्किंग

## विधायक की पहल पर अफसरों ने सरकारी जमीनों व संपत्तियों की चेकिंग शुरू की

- सर्वसुविधायुक्त होगी बिल्डिंग, कंसल्टेंट देंगे सेवा
- स्कूल में अत्याधुनिक शैक्षणिक संसाधन मिलेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मुख्य बाजार क्षेत्र में पार्किंग समस्या की समस्या अब ज्यादा दिन नहीं रहेगी। इसे दूर करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। माणकचौक की बुरी तरह जर्जर हो चुकी सब्जी मंडी और स्कूल सहित अन्य सरकारी बिल्डिंगों के स्थानों पर मल्टी लेवल पार्किंग एंड कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इसमें पार्किंग एरिया के साथ ग्राउंड लेवल पर दुकानें, फर्स्ट फ्लोर पर ऑफिस चैंबर सहित अन्य कमर्शियल जगह होगी। विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर प्रशासनिक अफसरों ने मौका मुआयना कर लिया है। अब डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने के लिए विशेषज्ञ कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया पुराने माणकचौक हायर सेकंडरी स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। नई बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त तो होगी ही विद्यार्थियों की हायर एजुकेशन के लिए स्कूल में अत्याधुनिक शैक्षणिक साधन-संसाधन भी लगाए जाएंगे।



पुरानी माणकचौक सब्जी मंडी और स्कूल, जहां मल्टी लेवल पार्किंग और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है।

### सारी सरकारी जमीन और संपत्तियों का बनेगा रिकॉर्ड, फिर बनाएंगे प्लानिंग

अगले करीब एक माह में शहर की सारी सरकारी जमीनों और संपत्तियों का रिकॉर्ड अपडेट हो जाएगा। उसके बाद वर्तमान स्थितियों का आकलन कर संपत्तियों का कैसे विकास कार्यों के उपयोग हो, उसकी प्लानिंग की जाएगी। आमजन और शासन हित में विधायक चेतन्य काश्यप की मंशा को आगे बढ़ाते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार से इसकी शुरुआत कर दी है।

### मांगल्य धाम मंदिर के कर्मचारियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच होगी

कभी शहर की पहचान रहे मांगल्य धाम मंदिर का पुराने वैभव भी जल्द लौटेगा। दर्शनार्थी वहां बेखौफ आ-जा सकेंगे। इसके लिए मांगल्य धाम मंदिर में रहने वाले सभी कर्मचारियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी की बात हो गई है। एक-दो दिन में पुलिस महकमा मंदिर की व्यवस्था संभालने और काम करने वालों की जांच शुरू कर देगा। मंदिर तक की एप्रोच रोड सुधारेंगे।

### व्यापारियों व ग्राहकों दोनों को होगी सुविधा

*पार्किंग नहीं होना बाजार क्षेत्र की प्रमुख समस्या है। इसे दूर करने के लिए माणकचौक सब्जी मंडी और स्कूल की जगह मिलाकर मल्टी लेवल पार्किंग और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इससे आसपास के बाजार के व्यापारियों के साथ खरीदी के लिए आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा होगी।*

**चेतन्य काश्यप,** विधायक

### जरूरत होने पर कब्जा भी हटवाएंगे

*सिटी में बहुत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की जरूरत है इसलिए सरकारी जमीन और संपत्तियों को देख रहे हैं। जरूरत होने पर अतिक्रमण कर कब्जा छुड़वाएंगे। कुछ में कानूनी पेचीदगियां भी हैं। सबको दूर कर शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग करेंगे।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

दै. भास्कर
18/10/2021

नवभारत



# आज वैक्सीनेशन महाअभियान जिले में 167 टीकाकरण केन्द्र बनाएं

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में कोविड-19 के अंतर्गत दिसंबर माह तक सभी पात्र हितग्राहियों को कोविड का दूसरा टीका पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रतलाम जिले में सोमवार को 27050 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया है इसके लिए रतलाम जिले में 167 टीकाकरण केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर सभी पात्र हितग्राहियों को टीके लगाए जाएंगे।

## शहर के केन्द्र

शहर के शासकीय विद्यालय शिवनगर, अंबेडकर कम्युनिटी हॉल गांधीनगर, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, शासकीय विद्यालय बरबड़, रेडक्रॉस भवन वीरियाखेड़ी, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधा कृष्ण स्कूल डीडी नगर, मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र दिलीप नगर, शासकीय स्कूल होमगार्ड कॉलोनी, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, शासकीय विद्यालय डोसी गांव, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, जिला चिकित्सालय, अशोक नगर मदरसा, माहेश्वरी धर्मशाला, मोमिनपुरा बड़ी मस्जिद के केंद्रों पर के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, घटला हॉस्पिटल, एमसीएच अस्पताल, सरस्वती स्कूल अमृत नगर, शासकीय विद्यालय नयागांव पर कोवैक्सीन का टीकाकरण किया जाएगा।

## रतलाम ग्रामीण के केन्द्र

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के बिलपांक, धौंसवास, बिरमावल, बांगरोद, ऊसरगर, बड़ोदा, बोदिना, सरवड़, पलदोना, ढिका, सिमलावदा, नामली, सागोद, पंचेड़, धराड, धामनोद, पलसोड़ी, सिनोद के केंद्रों पर कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

## सैलाना के केन्द्र

सैलाना क्षेत्र में शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना, ग्राम पंचायत सकरावदा, बेरदा, करिया, ठीकरिया, गुड़ भेली, आडवानिया शिवगढ़, रामगढ़ और बासिन्द्र में कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

## बाजना के केन्द्र

बाजना क्षेत्र के मांगलिक भवन बाजना, छावनी बाजार , देवली , अंबापाड़ा, लिमली पाड़ा, कुंदनपुर, हली वड़ा चरपोटा ,नलपड़ा , कुपड़ा चरपोटा , पाती का माल ,कुंडल, ठिकरिया , बालक छात्रावास रावटी , मौलावा, कुंवर पाड़ा , देथला , मोर तुका, मौरी का माला , रानी सिंह छायन , घटलीया , देवला , विधा पाटन, नायन के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा।

नवभारत
18/10/2021

स्वतंत्र एलान



# कलेक्टर श्री कुमार पुरषोत्तम ने अधिकारियों को साथ लेकर शहर में शासकीय भूमियों का निरीक्षण किया

रतलाम। रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमियों का निरीक्षण कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को विभिन्न अधिकारियों को साथ लेकर किया गया। आमजन के हित एवं शासन हित में विधायक श्री चैतन्य काश्यप की मंशा अनुसार शासकीय भूमि का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं में किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर में उपलब्ध भूमियों के आमजन के हित में सदउपयोग हेतु निरंतर मानीटरिंग एवं कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही है। कलेक्टर के भ्रमण में अपर कलेक्टर श्री एमएल आर्य, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, नगर निगम कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, श्री हनीफ शेख, श्री जीके जयसवाल, सिटी तहसीलदार श्री गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर द्वारा माणक चौक शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही बाजार परिसर एवं सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात सैलाना बस स्टैंड स्थित मिशनरी कंपाउंड पहुंचकर भूमि का जायजा लिया। यहा संचालित बाल ग्रह प्रबंधक से बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद जहांगीर मिल क्षेत्र की खाली पड़ी भूमि देखी। यहां कचरे का ढेर देखकर नाराज हुए। निगमायुक्त को निर्देशित किया कि सफाई की जाए, कचरा हटाया जाए।

कलेक्टर अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मांगल्य मंदिर परिसर पहुंचे। वहां प्रबंधक से चर्चा की, मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए कलेक्टर द्वारा राजबाग कॉलोनी क्षेत्र से मंदिर तक अप्रोच रोड निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर प्ररिसर में मौजूद जितने भी व्यक्ति हैं उनका सत्यापन किया जाए।

सज्जन मिल परिसर पहुंचकर खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सज्जन मिल श्री जैन से जानकारी प्राप्त की। परिसर में रेत के ढेर पाए गए। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रबंधक से पूछा गया कि किसकी अनुमति से रेत के स्टॉक की अनुमति दी गई है। संतुष्टि पूर्वक उत्तर नहीं मिलने पर एसडीएम को निर्देश दिए कि रेत को जप्त किया जाए, वाहन भी जप्त कर लिए जाए और प्रकरण बनाया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर पुराना है यहां कई नव निर्माण की आवश्यकता है। शहर में जहां अतिक्रमण है, वहां शासकीय भूमि पर कब्जा छुड़ाया जाएगा। कानूनी पेचिदगिया भी सुलझाई जाएगी। शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग की जाएगी। जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को अपनी निर्धारित सीमा से आगे बढ़ा दिया गया है ऐसे अतिक्रमण हटाए जाएंगे, यहां कार्य दीपावली पश्चात होगा।

स्वतंत्र ऐलान
18/10/2021

# नगर निगम ने बनाए 7,548 आयुष्मान कार्ड

रतलाम। नगर निगम के आईटी सेल विभाग में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसमें 176 आयुष्मान कार्ड बनाए है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अच्छे से इलाज हो और गरीब बीमारी के दौरान आर्थिक बोझ के तले ना दबे इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। लोग जन्म मृत्यु कार्यालय के पास स्थित आईटी सेल में पहुंच आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इससे पूर्व वार्ड वार गठित दलो व उचित मूल्य की दुकानों पर 7,316 कार्ड बनाए गए थे। इस तरह अब तक 7,548 आयुमान कार्ड बनाए जा चुके है।

दशा

एकां. दुनिया

18/10/21

# आगजनी की घटना पर रोक लगाने हेतु ज्वलनशील भण्डारण केन्द्रों का शुरू हुआ सर्वे

## मोहन नगर की घटना के बाद कलेक्टर ने शहर में खतरे भरे व्यापार को चिह्नित करने के दिए थे निर्देश

रतलाम। रतलाम शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु दलों का गठन किया जाकर जी.के.जायसवाल प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगम आयुक्त ने कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, "प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये राजेन्द्र मिश्रा उपयंत्री, प्रवीण षर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व महेन्द्रसिंह सोलंकी उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 9 से 16 तक के लिये राजेश पाटीदार उपयंत्री, इलियास मंसूरी सहायक राजस्व निरीक्षक व जय उपाध्याय उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 17 से 24 तक के लिये बृजेश कुशवाह उपयंत्री, राजेन्द्र शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री आषीश चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 25 से 32 तक के लिये मनीश तिवारी उपयंत्री, राजेन्द्र वाघेला सहायक राजस्व निरीक्षक व तरूण राठौड़ उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 33 से 40 तक के लिये सुश्री दीक्षा निजामपुरकर उपयंत्री, प्रदीप उपाध्याय सहायक राजस्व निरीक्षक व सौरभ काला उप स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 तक के लिये श्रीमती अनिता ठाकुर उपयंत्री, विजय कपूर सहायक राजस्व निरीक्षक व श्रीमती मोनिका चौहानउ स्वच्छता पर्यवेक्षक को नियुक्त किया है जो नोडल अधिकारी के निर्देशन व नियंत्रण में 3 दिवस में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। सर्वेक्षण उपरांत ज्वलनशील भण्डारण केन्द्रों को रहवासी क्षेत्रों से हटाने व सील करने की कार्यवाही की जायेगी।

### प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

राज

कलेक्टर एवं निगम प्रषासक कुमार पुरुषोतम द्वारा नगर भ्रमण के दौरान जहांगीर ऑयल मील एरिया में कचरे के ढ़ेर व नवीन गारबेज ट्रांसफर स्टेशन बना पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के.जायसवाल व झोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा है।

राजएक्सप्रेस

18/10/2021

# शासकीय जमीनों पर कब्जे हटाए जाएंगे

## - कलेक्टर ने मांगल्य मंदिर, बंद सज्जन मिल, मिशन कम्पाउंड सहित अन्य स्थानों पर निरीक्षण किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने शासकीय जमीनों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया तथा कहा कि शासकीय भूमि का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए किया जाएगा।

जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को अपनी निर्धारित सीमा से आगे बढ़ा दिया गया है ऐसे अतिक्रमण हटाए जाएंगे, यहां कार्य दीपावली पश्चात होगा।

कलेक्टर द्वारा माणक चौक शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बाजार परिसर एवं सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। सैलाना बस स्टैंड स्थित मिशन कंपाउंड पहुंचकर वहां संचालित बाल गृह प्रबंधक से बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जहांगीर मिल क्षेत्र की खाली पड़ी भूमि देखी। यहां कचरे का ढेर देखकर नाराज हुए, निगमायुक्त को निर्देशित किया कि सफाई की जाए, कचरा हटाया जाए।

कलेक्टर अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मांगल्य मंदिर परिसर पहुंचे। वहां प्रबंधक से चर्चा की, मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए कलेक्टर द्वारा राजबाग कॉलोनी क्षेत्र से मंदिर तक अप्रोच रोड निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में मौजूद जितने भी व्यक्ति हैं उनका सत्यापन किया जाए।



### बंद सज्जन मिल में रेत का ढेर देखकर कलेक्टर को हुआ आश्चर्य

सज्जन मिल परिसर पहुंचकर खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक श्री जैन से जानकारी प्राप्त की। परिसर में रेत के ढेर पाए गए। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रबंधक से पूछा गया कि किसकी अनुमति से रेत के स्टॉक की अनुमति दी गई है। संतुष्टि पूर्वक उत्तर नहीं मिलने पर एसडीएम को निर्देश दिए कि रेत को जब्त किया जाए, वाहन भी जब्त कर लिए जाए और प्रकरण बनाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर पुराना है यहां कई नव-निर्माण की आवश्यकता है। शहर में जहां अतिक्रमण है, वहां शासकीय भूमि पर कब्जा छुड़ाया जाएगा। कानूनी पेंचिदगिया भी सुलझाई जाएगी। शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग की जाएगी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित जिला अधिकारी भी भ्रमण पर कलेक्टर श्री कुमार के साथ थे।

## भूमि के मामले में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा-कलेक्टर

स्वदेश 18

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शासन के शुद्धिकरण पखवाड़े के संबंध में आयोजित बैठक में राजस्व अभिलेखों में सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा फोती नामांतरण, रिक्त भूमि स्वामी प्रकार, पटवारियों का ओरियंटेशन, विभिन्न राजस्व त्रुटियों में सुधार तरमीम आदि की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निपटारे की भी समीक्षा बैठक में की। कलेक्टर द्वारा गत दिनों आलोट में की गई भूमि संबंधी गड़बड़ी का जिक्र करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भूमि के मामले में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई होगी। भूमि के मामले में षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

स्वदेश
18/10/2021

पहले दिन नजर आने लगा व्यवस्था में बदलाव

# मलेरिया-डेंगू: नए सिरे से शुरू हुई फॉगिंग की व्यवस्था

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में मलेरिया और डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच नगर निगम कर्मचारियों की लापरवाही उजागर होने के बाद रविवार से व्यवस्था में बदलाव नजर आने लगा है। जिन वार्डों में फॉगिंग नहीं की जा रही थी, उन वार्डों और कॉलोनियों में भी निगम की टीम द्वारा रविवार सुबह से नए शेड्यूल के हिसाब से फॉगिंग कार्य की शुरुआत कर दी गई है, जिसका सीधा असर शहरवासियों पर पड़ेगा।

नगर निगम में हालही में आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में ही इस बात का खुलासा हुआ था कि डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए मच्छरों को मारने के लिए नियमित रूप से सुबह-शाम फॉगिंग करने की व्यवस्था सही से काम नहीं कर रही है। अधिकारियों ने स्वयं माना था कि कई क्षेत्रों में निर्धारित स्थल और



समय पर फॉगिंग नहीं की जा रही है। उसके बाद आयुक्त के द्वारा नए सिरे से कार्य विभाजन करने के साथ ही रविवार से अभियान की नए सिरे से शुरुआत कराई गई।

## दो समय होगी फॉगिंग

नगर निगम आयुक्त द्वारा नए सिरे से तैयार किए गए टाइम टेबल के हिसाब से अब सुबह चार और शाम को चार घंटे अलग-अलग वार्डों में फॉगिंग का कार्य दीपोत्सव तक लगातार किया जाएगा। इसके लिए निगम की चार गाड़ियों के माध्यम से फॉगिंग कार्य की शुरुआत की गई। रविवार सुबह से नियम के हिसाब से सुबह और शाम को फॉगिंग की गाड़ियां पहुंची और फॉगिंग का कार्य किया।

पत्रिका
18/10/2021

# प्रशासन ने कहा- प्रदेश में जुलूस को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर राजस्व, पुलिस अफसर व समाज प्रमुखों की बैठक

### पर्व पर छोटे कार्यक्रमों के साथ तबर्रुक बांटेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ईद मिलादुन्नबी किस तरह से मनाई जाए इसको लेकर रविवार दोपहर को राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों व समाजजन के वरिष्ठजनों के बीच चर्चा हुई। हुई बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सोमवार तक मप्र शासन द्वारा जो भी गाइडलाइन जारी की जाएगी उसी अनुसार ईद मिलादुन्नबी मनाना है। अभी तक जुलूस को नहीं निकाले जाने के ही आदेश हैं।

चीफ काजी सैयद आसिफ अली के निवास पर रविवार दोपहर हुई बैठक में शहर काजी सय्यद अहमद अली, तहसीलदार गोपाल सोनी और स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला सहित अन्य मौजूद रहे। इसमें तहसीलदार सोनी व थाना प्रभारी पाटनवाला ने कहा कि अगर सोमवार तक मप्र शासन की तरफ से पूरे प्रदेश के लिए कोई गाइडलाइन जुलूस को लेकर जारी की जाती है तो शहर में भी उस पर अमल किया जाएगा। अभी फिलहाल जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं है। चीफ काजी ने कहा मप्र काजी काउंसिल के मेंबर्स भी राज्य शासन से ईद मिलादुन्नबी के जलसे को लेकर चर्चा कर रहे हैं, सोमवार तक कोई निर्णय निकलता है तो उससे जिला प्रशासन को अवगत करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईद मिलादुन्नबी के दिन यदि जुलूस की अनुमति नहीं मिलती है तो मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झंडे फहराकर तबर्रुक की मिठाई तक्सीम की जाएगी। हेल्पिंग हैंड संस्था के द्वारा सैकड़ों नौजवानों की मदद से रक्तदान किया जाएगा।

भास्कर
18/10/2021

# दो का 15 दिन का वेतन काटा, एक बर्खास्त

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर में स्वच्छता बेहतर नहीं पाए जाने पर नगर निगम के दो कर्मचारियों का 15-15 दिन का वेतन काटा गया है। एक अन्य कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 31 में जगह-जगह गंदगी के ढेर पाए जाने तथा जावरा रोड मुख्य मार्ग पर कचरे की ट्रॉली कचरे भरी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश बोयत व राशन कार्ड शाखा के स्थायीकर्मी कुलदीप भट्ट द्वारा सीएम हेल्प लाईन कार्य मे लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दोनो कर्मचारियों का माह अक्टूबर का 15 दिवस का वेतन काटकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। झोन क्रमांक 2 के कर्मचारी जयकिशन-मदन द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से बिना सूचना के चार माह से अनुपस्थित रहने पर सेवा से बर्खास्त किया गया है।

पत्रिका
18/10/2021

## कचरा फेंकने का चालान बनाने पर कर्मचारियों के साथ की बदतमीजी, प्रकरण दर्ज

रतलाम। शहर के वेदव्यास कॉलोनी में सफाई के बाद गंदगी फैलाने पर निगमकर्मी ने चालानी कार्यवाही करने पर रहवासी ने बदतमीजी की। जानकारी के मुताबिक गंदगी फैलाने पर निगमकर्मी ने चालानी कार्यवाही का कहा तो रहवासी ने सफाई झोन प्रभारी और सफाईकर्मियों से गालीगलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। सफाई दरोगा ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है। वार्ड नंबर 48 के सफाई दरोगा रत्नेश्वर रोड निवासी 43 वर्षीय हिमाचल पिता ईश्वरलाल चावरे ने पुलिस को बताया वे सुबह सफाई करवा चुके थे। वेदव्यास कॉलोनी में दोपहर करीब 1.15 कमल जैन के घर के सामने कचरा पड़ा था। झोन प्रभारी विनय चौहान को सूचना दी। झोन प्रभारी के साथ चालान कार्यवाही के लिए टीम आई तो जैन ने सफाई कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहते हुए काम नहीं करने का आरोप लगाया। कर्मचारियों ने विरोध किया तब भी नहीं माने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। घटना की वीडियो क्लिप भी बनाई है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। दबंग

दबंग दुनिया
18/10/2021

# आज वैक्सीनेशन महाअभियान जिले में 167 टीकाकरण केन्द्र बनाएं

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में कोविड-19 के अंतर्गत दिसंबर माह तक सभी पात्र हितग्राहियों को कोविड का दूसरा टीका पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रतलाम जिले में सोमवार को 27050 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया है इसके लिए रतलाम जिले में 167 टीकाकरण केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर सभी पात्र हितग्राहियों को टीके लगाए जाएंगे।

## शहर के केन्द्र

शहर के शासकीय विद्यालय शिवनगर, अंबेडकर कम्युनिटी हॉल गांधीनगर, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, शासकीय विद्यालय बरबड़, रेडक्रॉस भवन वीरियाखेड़ी, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधा कृष्ण स्कूल डीडी नगर, मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र दिलीप नगर, शासकीय स्कूल होमगार्ड कॉलोनी, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, शासकीय विद्यालय डोसी गांव, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, जिला चिकित्सालय, अशोक नगर मदरसा, माहेश्वरी धर्मशाला, मोमिनपुरा बड़ी मस्जिद के केंद्रों पर के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, घटला हॉस्पिटल, एमसीएच अस्पताल, सरस्वती स्कूल अमृत नगर, शासकीय विद्यालय नयागांव पर कोवैक्सीन का टीकाकरण किया जाएगा।

## रतलाम ग्रामीण के केन्द्र

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के बिलपांक, धौंसवास, बिरमावल, बांगरोद, ऊसरगर, बड़ोदा, बोदिना, सरवड़, पलदोना, ढिका, सिमलावदा, नामली, सागोद, पंचेड़, धराड, धामनोद, पलसोड़ी, सिनोद के केंद्रों पर कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

## सैलाना के केन्द्र

सैलाना क्षेत्र में शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना, ग्राम पंचायत सकरावदा, बेरदा, करिया, ठीकरिया, गुड़ भेली, आडवानिया शिवगढ़, रामगढ़ और बासिन्द्र में कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

## बाजना के केन्द्र

बाजना क्षेत्र के मांगलिक भवन बाजना, छावनी बाजार , देवली , अंबापाड़ा, लिमली पाड़ा, कुंदनपुर, हली वड़ा चरपोटा ,नलपडा , कुपडा चरपोटा , पाती का माल ,कुंडल, ठिकरिया , बालक छात्रावास रावटी , मौलावा, कुंवर पाड़ा , देथला , मोर तुका, मौरी का माला , रानी सिंह छायन , घटलीया , देवला , विघा पाटन, नायन के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा।



# सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप की पहल पर वार्ड क्र.10 में सुयोग परिसर से मुखर्जी नगर के सड़क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। सड़क मार्ग निर्माण कार्य का शुभारम्भ क्षेत्र वासियो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने पूजा अर्चना कर किया। जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, मंडल महिला उपाध्यक्ष चेतना पाटीदार, वार्ड संयोजक जयेश वसावा, अनिता वसावा, पंकज परमार, राजेन्द्र सत्तावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्षेत्र के निवासी राजवर्धन सैनी, देवेन्द्र राठौड़, दशरथ, विकास सिसोदिया, मंगलसिंह गौड़ आदि ने सड़क निर्माण शुरू होने पर हर्ष जताया।

2ЛЛ

राजएक्सप्रेस
18/10/2021

पत्रिका
रतलाम, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021

### कलेक्टर ने कहा था 15 दिन में हो कार्य पूरा, 46 दिन बाद भी अधूरा

# खेलों को बढ़ाने का कागजी दावा, स्टेडियम में संसाधन बजट आधा

पत्रिका
डेटा डिकोडेड

रतलाम. नेहरू स्टेडियम में बन रहे पैवेलियन की लागत 3.64 करोड़ रुपए है। 46 दिन पहले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण करके 15 दिन में काम पूरा करने को कहा था, अब तक कार्य अधूरा है। बजट के अभाव में पहले ही खिलाड़ियों की सुविधाओं जिनमे लिफ्ट आदि थी, को घटा दिया गया है।

नगर निगम ने नेहरू स्टेडियम का कायाकल्प करने की योजना खिलाड़ियों की मांग को देखते हुए बनाई थी। इसके लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप से खिलाड़ी मिले थे। इसके बाद प्रस्ताव, टेंडर आदि में ही डेढ़ वर्ष लग गए। काम की शुरुआत हुई तो कोरोना काल आ गया। इससे भी कार्य की गति पर असर पड़ा। बजट की कमी रही तो शहर विधायक काश्यप के प्रस्ताव पर पैवेलियन को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं को घटा दिया गया।



| दर्शक क्षमता | लागत | कब से शुरू | पूरा होना था |
|---|---|---|---|
| 500 | 3.64 | पिछले | अगस्त |
| मात्र | करोड़ रुपए | वर्ष से | माह में |

नेहरू स्टेडियम के पैवेलियन में पहले 2500 लोग बैठते थे। अब जब नया बनाया गया तो दो हजार की क्षमता को कम करके मात्र 500 की क्षमता का कर दिया गया। इतना ही नहीं, यहां पर लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा टेबल टेनिस से लेकर अन्य खेल सुविधाओं के लिए इंडोर स्टेडियम बनना था, वो योजना भी रुपए के अभाव में निरस्त कर दी गई।

यह सही है कि कलेक्टर सर ने 15 दिन में इसको पूरा करने को कहा था, लेकिन कई कार्य को पूरा करने में समय लगता है, क्योंकि निर्माण में गुणवत्ता को भी देखना होता है। दस दिन में शेष रहा काम पूरा हो जाएगा। - **अनुप धनोतिया**, निर्माण ऐजेंसी संचालक

नेहरू स्टेडियम में काम को तेजी से पूरा करवाया जा रहा है। इसके लिए जरूरी निर्देश दिए गए है। दीपावली के पूर्व शहर को नए पैवेलियन की सौगात मिल जाएगी। - **सौमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
18/10/2021